# निर्यात मेले में चमके पीतलनगरी के उत्पाद, 112 देशों के पहुंचे खरीदार

## मेले का समापन, मुरादाबाद के मेयर रहे विशिष्ट अतिथि, 22 सौ करोड़ का हुआ व्यवसाय

अमर उजाला ब्यूरो

**मुरादाबाद।** ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित निर्यात मेले में देश के हुनरमंदों और उद्यमियों ने अपने उत्पादों से दुनिया के 112 देशों को आकर्षित किया। इसमें पीतलनगरी के उत्पादों की चमक कायम रही। संभावना है कि यूरोपियन और खाड़ी देशों से शीघ्र ही ऑर्डर मिलेंगे। आईएचजीएफ दिल्ली फेयर-स्प्रिंग 2025 के 59वें संस्करण का शनिवार को शानदार समापन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल व मुरादाबाद के मेयर विनोद अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहे। इस दौरान अतिथियों ने 12 उत्पाद श्रेणियों में आईएचजीएफ दिल्ली फेयर-स्प्रिंग 2025 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कार भी प्रदान किए। ईपीसीएच के चेयरमैन दिलीप बैद ने कहा कि फेयर चार दिनों तक चली जीवंत गतिविधियों और सार्थक व्यावसायिक कारोबार से ओत प्रोत रहा।

मेले में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ब्रांड, प्रमुख आयातक, अग्रणी थोक विक्रेता और विदेशों से स्वतंत्र खरीदार, साथ ही भारत से सोर्सिंग एजेंट और प्रमुख खुदरा विक्रेता शामिल हुए। आयोजन स्थल खरीदारों की पूछताछ, ऑर्डर फाइनल करने और सैंपल चयन से गुलजार रहा।

उपाध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि होम, जीवनशैली, फैशन, साज-सज्जा, फर्नीचर और इंटीरियर के क्षेत्र लगातार विकसित हो रहे हैं। इस सीजन में, स्पॉट लाइट भावनात्मक रूप से जुड़ने वाली डिजायन की ओर स्थानांतरित हो गई।

कार्यकारी निदेशक आरके वर्मा ने कहा कि लगभग 5800 विदेशी खरीदार, 112 देशों के खरीद प्रतिनिधियों ने मेले का दौरा किया। परिणामस्वरूप लगभग 2200 करोड़ रुपये का व्यवसाय हुआ है। इसके अलावा 1000 से अधिक घरेलू मात्रा के खरीदार भी मेले में शामिल हुए।




निर्यात मेले में निर्यातक को सम्मानित करते अतिथि। स्रोत : ईपीसीएच

### सफल रहा मेला : डॉ. राकेश

ईपीसीएच के मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा, कि इस संस्करण ने गतिशील सोर्सिंग की ताकत को रेखांकित किया। दुनिया भर के अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को आकर्षित किया। 900 प्रदर्शकों के साथ विशाल हॉल में 3,000 से अधिक प्रदर्शकों, क्यूरेटेड थीम प्रस्तुतियों, लाइव शिल्प प्रदर्शनों और कई मूल्य संवर्धित सुविधाओं के साथ लोग जुड़े रहे।

### ग्राहकों ने भी बयां किए अनुभव

यूएसए से आए खरीदार टिमओ हर्न ने बताया कि हर बार मेले का प्रदर्शन और भी शानदार होता जा रहा है। पुराने साझेदारों से फिर से जुड़ने और नए डिजायनों को तलाशने के लिए यहां आया था। भारतीय उत्पादों को उनकी हस्तनिर्मित गुणवत्ता, उचित मूल्य और बेमिसाल सुंदरता के लिए चुना है। ऑस्ट्रेलिया से आए केली लेमन ने कहा कि वह पहली बार मेले में आए थे।

उत्पादों की विशाल विविधता से आश्चर्यचकित हो गया। उन्होंने बताया कि उनकी फर्म दुनिया भर से बेहतरीन उत्पाद खरीदती है और एक खूबसूरत संग्रह पेश करती है। भारतीय उत्पादों में शिल्प कौशल और रचनात्मकता वाकई अलग है। स्वागत समिति के अध्यक्ष निर्मल भंडारी ने कहा कि यह मेला वैश्विक उपभोक्ताओं के साथ मजबूत मार्केटिंग क्षमता वाले उत्पादों की खरीद और आपूर्ति की सुविधा प्रदान करता है।